कहतहैंकि अशुभऔशुभ जो कर्मसोई भयोघी तेहकरिके पूर्ण जो दसबर्तिका नाम पांचज्ञानइन्द्री पांच कर्मइन्द्री अर्थात् जब घीते बत्तीपूर्ण होयहै तबजलैहै इहांअपने२ शुभ अशुभकर्मते पूर्णजोइन्द्री सोईदस बातीभईं सोबाती आरती करबेको जो पात्रतामेंजलैहै इहांपात्रको रूपकयद्यपि नकहेतथापि ध्वनिकरि फलितहोत है कि बातीको अधिष्ठान आरतीको पात्रहै इहां दशोंइन्द्री रूपजो बाती ताकोअधिष्ठान शरीरहै यहभावहै अग्निहोयतो बातीजलै सोसंसार सम्बन्धी जो विषयरूप रसगन्धादि ताको अन्तःकरणते जोत्याग सोईपावकनाम अग्निभयो तेहकरिके बत्तीप्रकाशितभई तो अब मन्दिरविषैं प्रकाशचाहिये सोशरीररूप जो मन्दिरतामें सतोगुणको जो उदय सोई प्रकाशरूप होत भयो अग्निके संयोग करि बत्तीऔ घीजलतहै सोइहां त्यागरूप अग्निकरि शुभ अशुभ कर्मको नाशहोत है तथा दशोंइन्द्रीकी जोवृत्ति सो परमेश्वरमें लयहोतहै सोईवाको जलनोभयो यहभाव है पूर्व आरतीकोपात्र शरीररूप करि कहे सो आरतीके पात्रविषैं जुदा २ घरहोत है जेहविषैं बत्ती भिन्न २ बरति है सो इहां बत्ती बरबे को घररूप भक्ति जो भगवानको भजन वैराग्य जोसंसारको नश्वर देखिबासो अरुचिहोनो इहां त्यागऔ वैराग्य दोऊकहे तासो यहअन्तर है कि प्रथम जब वैराग्य को स्वरूप आविर्भाव होतहै तेहके बलते पश्चात्त्याग होतहै अर्थात् त्याग जोगुण ताको आश्रय वैराग्य है तथाविज्ञाननामी अनुभव अर्थात् परमेश्वरते अपनेस्वरूपको भेद मिटानो यहीतीनों शरीररूप आरतीकों जो पात्रतेहविषैजुदा २ बत्तीजलबेको दीपकी अवलीनाम समूहभयो अर्थात् जो इन्द्रीरूप बत्ती विषय को आश्रय करि बरतिरही सोई अब भक्तिवैराग्य विज्ञान जो आरती के पात्रविषैं अनेकघर रूपतेह अधिष्ठान सो बिरतिभई ऐसी जोपूर्वोक्त नीराजननाम आरती ताको जगनिवासंनाम जगत के निवास को स्थानजो श्रीरघुवर तेहविषैं अर्पि नाम अर्पणकरिके औरकृपाकरे यह अर्थहै और कृपाकौन सो कहत हैं आरती किये पीछे शयन करावनो चाहिये सो पूर्वोक्त रीतिकरि निर्मल जो हृदय सोईभयो मन्दिर तेह हृदयविषैपूर्वोक्त साधनकरि उदय जो शान्तिगुण सोईभयो पर्यङ्कनाम पलङ्ग शुभ नाम मङ्गलरूपसुन्दर तेहके ऊपर शयनविश्राम कृतनाम कियोहै

श्रीराम जू राजा अर्थात् आरती किये पीछे हृदय रूपी मन्दिर शान्तिरूपी पलंगकेऊपर श्रीरामजूको शयनकरावेनो यह अर्थहै अर्थात् हृदयशान्तभये परमेश्वर स्थिरहोत हैं अन्यथानहीं महाराजन्हको जहांशयन होतहैतहां साहीगणरहति हैं इहांक्षमा करुणा प्रमुखनाम आदिलेकरि आदि पदतें अन्य जो महानगुण धीरता आदि को ग्रहण भयो सोई गुण सब परिचारिका नाम दासीगणभई यद्यपि यहां श्रीजनकनन्दिनी महाराणी को स्पष्ट नहीं कहे तथापिमङ्गलके रूपककरिमहाराणीके सहितशयनको बोध भयो यहां अपनी जो बुद्धि सोई महाराणी रूपभई तेहके सहित स्वामीशयन करतभये अर्थात् एकरूपहोत भये यह भाव है यह पूर्वोक्त रीतितें यत्रनाम जहांहरि जो श्रीरघुबर विराजमानभये तत्रनाम तहां नहीं है भेद अरु माया अर्थात् भेद जो परमेश्वर और हम और सोई परमेश्वरते अन्तरकरवे को माया नाम कपटहै ताको उदय फेर नहीं होत अर्थात् पूर्वोक्त आरती करनेवाले जीवकोस्वामीते अन्तरनहीं रहत यहभावहै अबअधिकारी जनावत हैं यह पूर्वोक्त जो आरती तेह विषैं निरत नाम तत्परसनकादिक स्रुतिजोवेद शेषनाग शिवजूदेव ऋषिजो नारद जु यह ते अन्य अखिल नाम सम्पूर्ण जो मुनि सब पर कौन मुनि तत्वदर्शीनाम भगवत तत्वके द्रष्टा चेतऐसो सन्देहहोयकि अबके जीवन्हको यह आरती विषैं अधिकार नहींहै तेहपर कहत हैं किजो कोई यह आरतीकोकरै सोई संसारते तरै नामपार होय तथा त्यागकरै कामादिमलकों बदतनाम कहतहैं इति नाम यह आरतीकों निर्मल मतिकरिके तुलसीदास अर्थात् अनेक पदन्हमों अपनेको मलिनमतिकहैहैं यहआरतीकेकथन मोजो कमलमतिन कहैंतो यह आरतीको वर्णनकरनो नहीं संभवेयह अर्थहै ४७॥

मू०। हरतिसवआरतीआरतीरामकी। दहतिदुखदोषनिर्मूलिनी कामकी। सुभगसौरभधूपदीपवरमालिका। उड़तअघविहग सुनितालकरतालिका। भक्तहृदिभवनअज्ञानतमहारिणी। विमलविज्ञानमयतेजविस्तारिणी। मोहमदकोहकलिकंज हिमजामिनी। मुक्तिकीदूतिका देहदुतिदामिनी। प्रणत जनकुमुदवनइंदुकरजालिका। तुलसिअभिमानमहिशेषबहु कालिका॥ ४८॥

टी०। पूर्वपदविषैं अन्तरांगभगवत पूजाको रूपककरि अन्तरांग जो आरतिसोकहेअबबाह्य आरतीको कहतहैं सब आरती जोक्लेश ताको श्रीरघुबरकी आरतीहरति नामदूर करतिहै दोष दुखकों जलावति है निर्मूलनी नाम जड़तें नाशकरने वाली सब संसारी कामनाकी सुन्दर सुगन्धजो धूपतथा श्रेष्ठजोदीप को समूह तेइ आरतीके कालमें करतालिका जोथपरी तालजोहै ताके शब्द सुनिकरि उड़तहैं पापरूपी पक्षी अर्थात् थपरीके शब्दतें जैसेपक्षी उड़तहैं तैसे आरतीविषैं करतालादि को शब्द सुनिपाप सब दूर होतहैं भक्तन्हके हृदयरूपी गृहको जो अज्ञानरूप अंधकार ताको नाश करनेवाली निर्मल विज्ञानरूपी जोतेज ताको विस्तार करने वाली मोहमद क्रोध कलिजो कलह सो भयो कमल तेहके नाश करबेको पालाकी राशीमुक्तिरूपी नायका के मिलाइबे कौंदूतिका रूपदेहकोदुतिजाकी बिजुलीसमान प्रणामकरत जो जनसबतेई कुमुदके बनभये ताकेबिकास करबेकों चन्द्रमा के किरणके समूह सदृशतुलसीको शरीरादि विषैं जो अभिमानसोई महिषेश नाम महिषासुर ताकेनाशकरबेकों·बहुत कालिकारूप ॥ ४८ ॥

मू०। देवदनुजबनदहनगुणगहनगोविंदनंदादि आनंददाताविनाशी। शंभुशिवरुद्र शंकरभयंकर भीमघोरतेंजायतन क्रोधराशी। नातभगवंतजगदंतअंतकत्रासशमनघोरमनभुवनाभिरामं। भूधराधीशजगदीशईशानविज्ञानघनज्ञानकल्याणधामं। वामनाव्यक्तपावनपरावरविभोप्रगटपरमातमा प्रकृतिस्वामी। चन्द्रशेखरशूलपानिहरअनघअज अमितअविछिन्नवृषभेषगामी। नीलजलदाभतनुश्याम बहुकामछबि रामराजीवलोचनकृपाला। कंबुकर्पूरवपुधवलनिर्मलमौलि जटासुरतटिनिसितसुमनमाला। बसनकिंजल्कधरचक्रसारंगधरकंजकौमोदकीअतिबिशाला। मारकरिमत्तमृगराजत्रयनयनहरनौमिअपहरणसंसारज्वाला। कृष्णकरुणाभवनदवनकालीयखल विपुलकंसादिनिर्वंशकारी। त्रिपुरमदभंगकरमत्तगजचर्मधरअंधकोरगग्रसनपन्नगारी। ब्रह्मव्यापकअकलसकलपरपरमहितज्ञानगोतीतगुणवृत्तिहर्त्ता। सिंधुसुतगर्वगिरिवज्रगौरीशभव दक्षमखअखिलविध्वंसकर्त्ता। भक्तिप्रियभक्तजनकामधुकधेनुहरि हरणदुर्घटविकटविपति

भारी । सुखदनर्मदवरद विरजअनवद्यखिलविपिनआनंद
वीथिन्हविहारी । रुचिरहरिसंकरीनाममंत्रावलीद्वंददुख
हरणिआनंदखानी । विष्णुशिवलोक सोपानसमसर्वदावदत
तुलसीदासविशदबानी ॥ ४९ ॥

टी० । यहपदकोनाम हरिशंकरीहै एकतुकमेभगवन्नामएक तुकमेशिव नामवर्णन करतहैं दनुजजो दैत्यसब सोई बनभये ताके जलाइबेकों दहननाम अग्निरूपी गुणगहन नाम निविड़ है गुण जासे।भीमनाम भयानक घोर नाम कठिन जो तेजताके आयतन नाम गृह क्रोधके राशिप्रलयकालसो। नांतनाम अनंतहै जाको जगत कोअंत जो नाशताकेकर्त्ता अंतकजो यमताके त्रासको शमन कर्त्ता लक्ष्मीविषे रमणकरनेवाले संपूर्ण भुवन विषैं अभिराम नाम सुन्दरभूधरजो कैलाशताके अधीशनाम स्वामी तथा जगत के ईश ईशानहै नामजाको घननाम निबिड़विज्ञानरूप ज्ञानऔ कल्याण के गृहवामन रूप होकरि अव्यक्त नामनहीं प्रगटहै ऐश्वर्य जाको पावननाम पवित्ररूप परावर जो जड़चैतन्य जीवताके विभोनाम स्वामी परमात्मा प्रकृतजोमाया ताकेस्वामी सो प्रगट नाम वामन रूपहोकरि प्रत्यक्षहोतभये चंद्रमाहै शेखर नामशिरके ऊपरजाके अनघनाम निष्पापअजनाम जन्मरहित अमितनामअकृतरूप जाको अविछिन्ननाम पूर्णरूप वृषभेश जो नन्दीतिहके ऊपरचढ़िकरि चलनेवाले श्यामजलद जो मेघतैसो है आभानाम दीप्तिशरीर की श्यामवर्ण मौलि जो मस्तक तासो जटातेहि विषैं सुरतटिनि जो गङ्गाजू तथा सितनाम उज्ज्वलपुष्पकोजो माला सो सोभतहै वसन जो वस्त्र किंजल्कनाम कमलकी धूली तेहि सदृश अर्थात् पीतांबर कों धारणकिये तथा चक्रसुदर्शन सारंग नाम धन्वादर नामशंख अरुकमल कौमोदकी नामगदा अतिबड़ीयाक्ष सबकोधारण किये मारजो कामदेव सोई उन्मत्तकरि नामहस्ती ताके नाशकरबेको मृगराज नाम सिंहरूप नौमि नाम हम नमस्कार करतहैं अंधक नामजो असुरसोई उरगनाम सांपभयो ताके लीलबेको गरुड़रूप अकलनाम कलारहित अर्थात् पूर्णरूप सकलतें पर नाम ऊपर अर्थात्श्रेष्ठ ज्ञान अरुगोनाम इंद्रीतेहिते अतीतनाम परेगुण जो राजसादि ताकी वृत्ति जो वासना ताके हरणकर्त्ता सिंधु सुत जो जलंधर ताकोगर्व पर्वत सदृश ताके नाशकरबेको वज्ररूप पार्वती

जुके ईशभवजो शिवजू भक्ता है प्रियजाकी भक्तानन्द को कामधेनु रूप जो हरि दुर्घट नाम कठिन विकट नाम भयानक भारी जो विपत्ति ताके हरनहार नर्मदनाम विलासके दाता बरदनाम बर के दाताबिरजनाम रजोगुणते रहित अनवद्याखिल नाम सबदूषणतें रहित विपिनि आनन्द जो काशी ताके बीथिन्ह नाम गलिन्ह मो विहार कर्त्ता इन्दनाम पाप पुण्य सोपान नाम सीढ़ी सम नाम बरोबर अर्थात् चढ़बेमो क्लेशनहीं यह पदविषें भगवानको शिवजू को प्रसिद्ध जोनाम तथा सुलभ जोशब्द ताको अर्थ नहीं लिखे ॥४९॥

मू०। देवभानुकुलकमलरविकोटिकन्दर्पछबिकालकलिव्याल मिव वैनतेयं। प्रबलभुजदण्डपरचण्डकोदण्डतूणबर विशिखबलमप्रमेयं। अरुणराजीवदलनयन सुखमायन श्यामतनकांतिवर वारिदाभं। तप्त कांचनवस्त्र शस्त्र विद्यानिपुन सिद्ध सुरसेव्य पाथोजनाभं। अखिललावण्यग्रहविश्वविग्रहपरम प्रौढ़गुणगूढ़ महिमा उदारं। दुर्द्धर्षदुरदुर्गस्वर्गअपवर्गपति भग्नसंसारपादपकुठारं। शापबसमुनिवधूमुक्ताकृतविप्रहितयज्ञरक्षण दक्षपक्ष कर्त्ता। जनकन्टपसदसिशिवचापभंजन उग्रभार्गवागर्वगरिमापहर्त्ता। गुरुगिरागौरवअमरसुदुस्त्यज्यराज्यत्यक्तश्रोसहित सौमित्रिभ्राता। संगजनकात्मजामनुजमनुसृत्यअजदुष्टवधनिरतत्रैलोक्यत्राता। दण्डकारण्यकृतपुण्यपावनचरणहरणमारीचमायाकुरंगं। बालिबलमत्तगजराजइवकेशरीसुहृदयसुग्रीवदुखराशिभंगं। रिच्छमर्कटविकटसुभटउदभटसमरशैलसंकाशरिपुत्रासकारी। बद्धपाथोधिसुरनिकरमोचन सकुलदलनदससीशभुजबीसभारी। दुष्टविबुधारिसंघातअपहरणमहिभार अवतार कारणअनूपं। अमलअनवद्यअद्वैतनिर्गुणसगुणब्रह्मसुमिरामिनरभूपरूपं। शेषश्रुति शारदा शंभुनारदसनकगणतगुणअन्तमहिंतवचरित्रं। सोइरामकामारिप्रियअवधपतिसर्वदादासतुलसीत्रासनिधिवहित्रं॥ ५०॥

टी०। कोटिन्हकन्दर्प जो कामदेव ताकी छबि है जेह शरीर विषें कालकलि जोकलिकाल सोई व्यालइवनाम सर्पके सदृशताके नाश करबेको वैनतेयं नाम गरुड़रूप प्रबल जोदोऊ भुजदण्ड तेह करि प्रचण्डजोको दण्डनाम धन्वातथा तूणजो तरकश येहविशिष जो बाणबल है अप्रमेय जाको यह सब को धर नाम धारण किये

अग्निकरि तप्त जो सोनातैसो है वर्णजाको पाथोज नामनाभनाम नाभीतें उत्पन्नभयो कमलजाके अखिलनाम संपूर्णलावण्य जो सोभाताके गृहसमस्त बिश्वहै विग्रह नाम शरीर जाको विराट रूप विषैं परमनाम उत्कृष्टप्रौढ़ नाम बलयुक्त गुणगूढ़ नाम गुप्तउदार महिमाजाकी अर्थात् ऐश्वर्य्यको गुप्तकरि राजकुमार को लीला करतहैं दुर्द्धर्षनामदुःखकरिकै धर्षना अर्थात् तिरस्कार को उनहीं करिसकेहैं दुस्तरनाम जाको लीलास्वरूप नाम अपारहै दुर्गनाम कठिन अर्थात् शत्रुनाम जाकोजो रावणादि तेहके हथियारंन्हको प्रवेशनहीं स्वर्ग अपवर्ग जोमोक्ष तेहके पति भक्तन्ह के हृदय विषैं संसाररूप पादप जो हक्षताके भञ्जकरबेको कुठारनाम टांगारूप मुनिवधू जो अहिल्या सुकृतनाम ताकोपाप और शापतें छोड़ावनेवाले विप्र हितनाम विश्वामित्र के अर्थ यज्ञके रक्षाकरबे मो दक्षनाम समर्थ अपने भक्तन्ह के पक्षकर्त्ता उग्रनाम तीव्र है तेज भार्गवनाम परशुरामजू को खागर्वनाम बड़ो जो गर्व तेहगर्व को गरिमा नाम गरिष्टता ताके अपहर्त्ता नाम नाश कर्त्ता गुरू जो दशरथजू तेहको गिराजो आज्ञाताको गौरवनाम बड़ाई तेहकरि अमरजो देवतन्ह को सुदुस्त्यज्यनाम दुःखोंकरि त्यागकरबे योग्य नहीं ऐसा जो राज्य श्रीनाम राजलक्ष्मी ताको त्यक्तनाम त्याग करत भये सौमित्रि जोलक्ष्मणजू भाई तेहसहित मनुज मनुजत्व नाम मनुष्यके लीलाको आश्रयकरिकै वास्तव अजनाम जन्मरहित अर्थात् ब्रह्मरूपकाहै वासोमनुष्य नाट्यकरत भये तासो हेतुकहत हैं दुष्ट जो रावणादि ताकेवधमो तत्परतेह कर्मतें तीनोंलोक के रक्षकसष्ट हैं भालु बानर जो विकट सुभट जो बड़े बीर सब ताके मध्यमो उद्भट नाम श्रेष्ठबीर संग्रामविषैं पर्वत संकासनाम सदृश जो रिपुनाम कुम्भकर्णादि ताकेनास करनेवाले तेहबानर भालुके सहायकरि बांध्योहै समुद्रको तथा देवतन्ह को निकर जो समूह ताको मोचन नाम छोड़ावतभये रावणादि को वधकरिकै दुष्टजो देवतन्ह के शत्रु संघात नाम समूह सोई पृथ्वी को भाररूप ताके अप हरण नाम नाश के अर्थ अवतार जाको कारण अनूपं नाम समस्त ब्रह्माण्डके कारण आश्चर्यरूप तथा गुणलीलादि अमलनाम मलरहित अनवद्यनाम दूषण रहित अद्वैतनाम जेहसदृश दूसरो नहीं इच्छाकरि निर्गुण सगुण ब्रह्महोतहैं ऐसा जो मनुष्य राजा

रूप ताको सुमिरामि नाम स्मरण करे हैं शेषादि जाके चरितको अन्त नहीं पावत हैं कामारि जो शिव ताके प्रिय बास को नि-धिनास स्थान जो संसार तासो पद्मो जो तुलसीदास ताको बहिचं नाम बाहर करनेवाले अथवा नौकारूप ऐसो जो श्रीरघुबर ताको हम स्मरणकरे हैं यह भाव है ५० ॥

मू० । जानकीनाथरघुनाथरागादितमतरणितारुण्यतनतेजधामं ।
सच्चिदानंदआनन्दकन्दाकरंविश्वविश्रामरामाभिरामं।नील
नववारिधरसुभगशुभकांति कटपीतकौशेयवरवसनधारी ।
रत्न हाटक जटितमुकुटमंडित मौलिभानुशतसदृश उद्योत
कारी।श्रवणकुण्डलभालतिलकभ्रूरुचिर अतिअरुणअंभोज
लोचनविशालं।वक्रअवलोकत्रैलोक्यशोकापहंमाररिपुहृद-
यमानसमरालं। नासिका चारुसुकपोलद्विजवज्रद्युतिअधर
बिंबोपमामधुरहासं । कंठदरचिबुकवरवचनगंभीरतरसत्य
संकल्पसुरत्रासनासं।सुमनसुविचित्रनवतुलसिकादलयुतंमृदुल
वनमालउरभ्राजमानं । भ्रमतआमोदवशमत्तमधुकरनिकर
मधुरतरमुखर कुर्वन्तिगानं। शुभगश्रीवत्सकेयूरकंकणहार
किंकिणीरटतिकटितटरसालं। बामदिशिजनकजासीनसिं-
हासनंकनकमृदुवल्लिवत्तरुतमालं।आजानुभुजदण्डकोदण्ड
मंडितबामबाहु दक्षिणपाणिबाणमेकं। अखिलमुनिकरसुर
सिद्ध गन्धर्ववरनमतनरनागअवनिपअनेकं। अनघअनछिन्न
सर्वज्ञ सर्वेशखलुसर्वतोभद्रदातासमाकं। प्रणतजनखेदविच्छे
दविद्यानिपुणनौमिश्रीरामसौमित्रिसाकं।युगुलपदपद्मसुख
सद्मपद्मालयंचिन्हकुलिशादिशोभातिभारी।हनुमन्तहृदिवि-
मलकृतपरममंदिरसदादासतुलसीशरणशोकहारी ॥५१॥

टी० । रागादि संसार विषै प्रीति सोई तम नाम अन्धकार ताके दूरकरबेको तरणिनाम सूर्यरूप तेहको तारुण्य नाम दोप-हरको जो तेजतेह तेजको धाम नाम गृह है तन जाको सतचित आनन्दके कंद नाम मूल तथा आकर नाम खानि अर्थात् जीवन्ह के आविर्भाव को आश्रयभूत सम्पूर्ण विश्वके विश्राम रूप ऐसे जो रामजू सो अभिरामंनाम अतिरमणीय यहारमा जो लक्ष्मी ताके अभिराम नाम सुखदाई कांति जोदीप्ति तेहके करनेवाले मुकुट करि मण्डितनाम आच्छादित है मस्तकजाको अर्थात् मुकुट को

धारण किये उद्योतनाम प्रकाश वक्रनाम मुखताकों अवलोकसों प्रकाश सो त्रैलोक्यके शोककों अपह नाम नाशक मार रिपु जो शिवजू ताकों हृदय जो मानसरोवर तुल्यतामें हंसरूप द्विजजो दांत सो वज्र जो हीरा की दुतितेहु तुल्य अधर जो ओठसो विंबनाम टेकोलके फलकोउपमाजाकोकण्ठजाको दरनामशंख सदृश कण्ठते शंखकी समता रेखाको कियो है चिबुक नामडाढ़ी सेष बचन गंभीरतर नाम अतिशय उरविषें शोभतजो वनमाला ताके चारों ओर भ्रमत नाम उड़तहैं आमोद नाम सुगन्ध यसे उन्मत्त जो मकरन्द के समूह जो अतिशय मधुर सुस्वर नाम बर्बर होकर गान करतहैं कटितट नाम कटिभाग विषै रसंयुक्त किंकिणी जो क्षुद्रघंटिका सोरटतिनाम शब्दकरतिहै बामभागविषै सिंहासनके ऊपर आसीन नाम बैठी जनकजाजो श्री जानकी जी सो जैसे सोनाको कोमल बल्लीनाम लतातमालके वृक्षसहित बतनाम तहत शोभाहै लंबे जो भुजदण्डताको दण्ड जो धन्वा सो मण्डितनाम शोभतहै बाम बाहु विषैं तथा दक्षिण हस्त विषैं एकबाण कोलिये सम्पूर्ण जोमुनि तथा समूह जो देवतादिं अनेक जो अवनिप नामराजासो प्रणाम करतहैं जाकोंसर्वेश जो सर्वके स्वामी खलुनाम निश्चय करिके सर्वतो नाम सब प्रकार भद्रनाम कल्याणके दाता अम्बाकोंनाम हमऐसे जीवन्हकों प्रणामकरत जोजनताके खेदके विच्छेद जोनाशविद्या तामेंनिपुण लक्ष्मणजूके साकंनाम सहित ऐसे जो रघुबर ताकों नौमिनामहमनमस्कार करैंहैंदोऊ जोचरणकमल सुखको सद्म नामस्थान पद्मा जोलक्ष्मी ताकोआलयजोगृह महाबीरके हृदयको कियोहै निर्मलमन्दिर अन्वतस्पष्टहै ॥ ५१ ॥

मू० । कोशलाधीशजगदीशजगदेकहितअमित गुणविपुलविस्तार
लीला । गायंतितवचरितसुपवित्रश्रुतिशेषशुकशंभुसनकादि
मुनिमननशीला ।वारिचरबपुषधरभक्तिनिस्तारपरधरणिकृ-
तनाममहिमातिगुर्वी । सकलयज्ञांशमय उग्रविग्रहकोडमर्दि
दनुजेशउद्धरणउर्वी।कमठअतिविकटतनकठिनपृष्ठोपरीभ्रम
तमंदरकंडुसुखमुरारी ।प्रकटकृतअमृतगोइन्दिराइंदुवृन्दा-
रकावृन्दआनन्दकारी । मनुजमुनिसिद्धसुरनागत्रासकदुष्ट
दनुजद्विजधर्ममर्य्यादहर्त्ता। अतुलमृगराजवपुधरित विदरि-
तअरिभक्तप्रल्हादअह्लादकर्त्ता। छलनबलिकपटबटुरूपवामन

ब्रह्मभुवनपर्यन्तपदतोनिःकारणं। चरणनखनीरचैलोक्यपावनप-
रमविबुधजननीदुसहशोकहरणं। क्षत्रियाधीशकरिनिकरवर
केशरीपरशुधरविप्रशशिजलदरूपं। बीसभुजदण्डदशशीश
खंडनचंडवेगसायकनौमिरामभूपं। भूमिभरभारहरप्रगट
परमाब्रह्मनररूपधरभक्तहेतू। वृष्णिकुलकुमुदराकेशराधार
मणकंसबंशाटवीधूमकेतू। प्रबलपाखण्डमहि मण्डलाकुल
देखिनिंदकृतअखिलमखकर्मजालं। शुद्धबोधैकघनज्ञानगुण
धामअजबुद्धअवतारबंदेकृपालं। कालकलिजनितमलमलिन
मनसर्वनरमोहनिशिनि बिड़जमनांधकारं। बिष्णुयशपुत्र
कल्कीदिवाकरउदितदासतुलसीहरणबिपतिभारं॥ ५२॥

टी०। स्पष्टहै यह पदविषें दसावतार कहतेहैं वारिचर नाम जलमो चलनेवाले जो मत्स्यताके स्वरूप को धारणकरि भक्तनके निस्तारमें तत्पर धरनी जो पृथ्वीकृतनाव नामताही को नावकरत भये प्रलयके समुद्र विषें महिमाहै अतिगुर्वी नामगरिष्ट अर्थात् श्रेष्ठ जाकी सकल जो यज्ञता को अंश जो स्वरूप तन्मय उग्रनामतेज रूप विग्रह जा शरीर क्रोड़नाम सूकररूप मर्दन करिके दनुजेश जो हिरण्याक्ष उद्धार कियो उर्वीनाम पृथ्वीको कमठरूप अत्यन्त बिकट है शरीर जाको कठिनहै पृष्ठको ऊपर भाग तापर समुद्र मथनके समयमें भ्रमनकरत जो मन्दराचल ताके घूमनेतें कंडुके खुजलावनेमें जो सुख सो होतभयो सुरारि जो कच्छपजू ताकोगो नामधेनु इंदिरानाम लक्ष्मी वृन्दारका नाम देवतादिके मर्य्याद को हर्त्ता दुष्टदनुज जो हिरण्यकशिपु अतुलनाम नहीं है समता जाकी ऐसो सिंहको शरीर धरित नाम धारण करिके बिदरित नाम बिदीर्णकियोहै अर्थात् फारयोहै शत्रुके शरीरको यहचारो अवतार मत्स्यशूकर कच्छपन्हसिंह सत्ययुगमें भये चरण के नखको नीर जो श्रीगंगाजू सो तीनिलोकको परमपावनरूप देवतन्हकी माता जो अदिति ताको नहीं सहबेयोग्य जो शोक सो हरण करत भये अर्थात् इंद्रादिक जो पुत्र ताको छुट्यौ जो स्वर्गको राज्य सो बलिपै लैकरि इंद्रादि को देतभये पुत्रन्ह के आनन्दतें अदितिको सुखभयो एहअर्थहै क्षत्रियन्हके अधीश जो राजा सो हाथीको समूह भयेताके नाशकरबेको श्रेष्ठ सिंहरूप ऐसे जो परशुरामजू ब्राह्मण सवशसि नाम धान्यतुल्य ताके पुष्टकरबेको मेघरूप प्रचण्डहैबेग-

वानको जाके ऐसो जो श्रीरघुवरताको नौमिनाम हम नमस्कार करे हैं यह तीन अवतार वामन परशुराम राजजू चेतामें भये इष्वाकुल कोईश भयो ताके उदय करवे को राकेश नाम चन्द्रमा रूप कंसादि जो सोई वांसके अटवी नाम बन भये ताके जलाइवे कें धूमकेतु नाम अग्नि ऐसे जो श्री कृष्णचन्द्र प्रबल जो पाखण्ड तेहकरि पृथ्वीमंडल को आकुल नाम व्याप्त देखि निंदनाम निंदा योग्यकियेहैं सम्पूर्ण यज्ञकेकर्म समूहकोंशुद्धजो बोधएकनाम मुख्य घननाम निबिड़ज्ञान रूप ऐसे जो बुद्ध अवतार तेहकों हम बंदन करतहैं यहदो अवतार कृष्णचन्द्र बुद्धद्वापरके समाप्तमेंभये कलि-कालते उत्पन्न जो मलतेहके करिमलानमन जो सब मनुष्य मोह रूपी रात्रि तेहविषैं निबिड़मन जोम्लेच्छरूप अंधकार तेहकेनाश करबेका विष्णुजित जो ब्राह्मणताके पुत्र होकरि कलंकीरूप सूर्य उदयहोंगे कलिकालके समाप्तमे ॥ ५२ ॥

मू० । सकलसौभाग्य प्रदसर्वतोभद्र निधिसर्वसर्वेशसर्वाभिरामं ।
सर्वहृदिकंजमकरंदमधुकररुचिररूपभूपालमणिनौमिरामं
सर्वसुखधामगुणग्रामविश्रामप्रदनाम सर्वास्पदमतिपुनीतं ।
निर्मलंशांतसुविशुद्धबोधायतनक्रोधमदहरणकरुणानिकेतं ।
अजितनिरुपाधिगोतीतमव्यक्तविभुमेकमनवद्यमजमद्वितीयं
प्राकृतंप्रगटपरमात्मापरमहितप्रेरकानंतवंदेतुरीयं । भूधरं
सुन्दरंश्रीवरंमदनमदमथनसौंदर्यसीमातिरम्यं । दुःप्राप्य
दुःप्रेच्यदुःतर्क्यदुःपारसंसारहरसुलभ मृदु भावगम्यं । सत्य
कृतसत्यरतसत्यव्रतसर्वदापुष्टसंतुष्टसंकष्टहारी । धर्मवर्मब्रह्म
कर्मबोधैकद्विजपूज्यब्रह्मण्यजनप्रियमुरारी । नित्यनिर्ममनित्य
मुक्तनिर्मानहरिज्ञानघन सच्चिदानन्द मूलं । सर्वरक्षक सर्व
भक्षकाध्यक्षकूटस्थगूढ़ार्चिभक्तानुकूलं । सिद्धसाधकसाध्यवाच्य
वाचकरूपमंत्रजापकजाप्यसृष्टिस्रष्टा । परमकारणकंजनाभज-
लदाभतनुसगुणनिर्गुणसकलदृश्यद्रष्टा । व्योमव्यापकविरज
ब्रह्मवरदेशवैकुण्ठवामनविमल ब्रह्मचारी । सिद्धवृन्दारकावृन्द
वन्दितसदाखण्डिपाखण्डनिर्मूलकारी । पूरणानन्दसन्दोहअ
पहरणसंमोहअज्ञानगुणसन्निपातं । वचनमनकर्मगतशरण
तुलसीदासत्रासपाथोधिइवकुम्भजातं ॥ ५३ ॥

टी० । सर्वओरतें भद्रजो कल्याण ताकेरहवेको निधिनाम पात्र

सर्वनाम विश्वरूप सबकेईश्वर सर्व ब्रह्माण्डको अभिरामनाम सुखकारी सर्व जो शिवजूताके हृदयकमलमें अनुरागरूप जोमकरन्द नामरस तामेंलुब्धभ्रमर सद्गुण समूहजाको विद्यामको दाता नामजाकी सर्वास्पदंनाम सर्वसाधनको आश्रय तथा अति विचित्र निर्मलशान्त अतिविशुद्ध बोधजोज्ञान ताकेनिकेत नाम गृहकाहू के जोतवेयोग्य नहीं उपाधिकरिके रहित अर्थात् मायाके आधीन नहीं गो जो इन्द्री तातें अतीतंनामपरे अव्यक्तनाम निर्गुण रूप करि प्रकट नहीं विभुंनाम व्यापक एकै नाम मुख्य अनवद्यं नाम निर्दूषणं अजंनाम जन्मरहित अर्थात् ब्रह्मादिककेपिता अद्वितीयं नाम जेहके समदूसरो नहीं प्राकृतंनाम मनुष्यके शरीरकरिप्रकट भये हैं परमात्मा परमहितनाम पितामातादि जो हितकारी सो मिथ्याहित करतहैं परमेश्वर सत्यहितकारी हैंतथा सबके प्रेरक अनन्तनाम जाको अन्तनहीं ऐसे जो तुरीयरूप ताको हमवन्दन करेहैं भूधरंनाम शेषरूपकरि पृथ्वीको धारणकिये लक्ष्मीकेवरंनाम स्वामी अपने सुन्दरताकरि कामदेव के मदको मथनकर्त्ता सौंदर्य ताके सीवां अतिरमणीय विशुखन्ह को दुख करि तर्कमें न आवे दुःखोंकरि जाको पारनहीं सन्मुख जीवन्हको संसारके हरनेवाले तथा कोमल जो भावनाम प्रीतितेहकरि सुलभतें गम्यंनामजानने योग्य सत्यके कर्ता अर्थात् सत्यकरि जगतहै यहहेतुतें कारणरूप सदा पुष्टंनाम दिव्य नित्यदेहहै जाको संतुष्ट नाम पूर्णकाम धर्म रूप वर्मनिनाम वखतरको पहिरे ब्रह्म जोनिर्गुणरूपताको प्रतिपादक उत्तरमीमांसा अर्थात् उपनिषद्रूप कर्मनाम कर्म प्रतिपादक वेदत्रयी ताकेवोधमें एकनाम मुख्यब्राह्मणतें पूजनीय यद्यपि ब्राह्मणहै पूज्यजाको ब्रह्मण्यनाम ब्राह्मणके जोभक्तजनसो प्रियजाको सुरनाम असुरकेशत्रु नित्यनाम एकरस निर्ममनाम ममतारहित अर्थात् समस्त विश्वरूप आपे भये अपने तेदूसरो पदार्थ नहोंतो केहपर ममता होय नित्यमुक्त नाम माया को बल जापर नहीं निर्मानाम मानरहित अर्थात् मानहोतो तो सब्बी शूकरादि रूप नहीं होते निविड्ज्ञान रूप अर्थात् एकरस ज्ञानजाको सत नाम सर्वकालमें जो रहे चिततास जहके सत्तातें जड़जो इन्द्री देहादि सो अपने २ कार्यको करेहैं आनन्द नाम जेह के लेश तें समस्तविश्वके जीव आनन्द पावतहैं मूलंनाम पूर्वोक्त सबकेकारण

सबके रक्षक तथा सबके भक्षकशे यमकाल ताहूके अध्यक्ष नाम स्वामी कूटस्थनाम निर्विकार गूढ़ार्चि नाम अवतार ग्रहण करि गुप्त कियेहै ईश्वरतारूप तेजको भक्तन्हके ऊपर सानुकूल सिद्धनाम साधनकरि सिद्धि जो पायेसाधक जो सिद्धिके वास्ते साधनकरत हैं साध्यनाम जेहवस्तु वास्ते साधनहोतहै वाच्यनाम वचनको जो विषय वाचकनाम तेहि विषयको जो कहै रूपनाम तद्रूप अर्थात् सर्वज्ञ श्रीरामजू हैं तथा मंत्रनाम ओंकारादि जापकनाम मंत्रको जो जपैजाप्य नाम जेहवस्तु के अर्थ जपहोत है सृष्टि नाम समस्त ब्रह्माण्डस्रष्टा नाम उत्पत्ति कर्त्ता परम कारण जो ब्रह्मादि ताह्न के उत्पत्ति के हेतु कंजनाम कमलभये नाभीतें जाके सकल दृश्य जो संसार ताके द्रष्टा अर्थात् चैतन्यरूप सबपदार्थको देखतहैं व्योम जो आकाश तद्वत व्यापक विरजनाम रजोगुणतें रहितशुद्ध सतोगुणरूप ब्रह्मनाम निर्गुणरूप वर देयनाम वरके देनेवाले जो शिवादि ताह्नकेईश वैकुण्ठवासमनहै नाम जाको तथा निर्मल ब्रह्म-चारी सिद्धगण वृन्दारका नाम देवतन्हके समूह तेहकरि वंदित नामवंदन योग्यसर्वदा पाखण्डनको खण्डनकरि निर्मूलकरनेवाले अर्थात् वेदमार्ग के रक्षक स्वर्ग आनन्दको पाय संमोह नाम अत्यन्त मोह अर्थात् स्त्री पुत्रादि विषे ममता अज्ञान गुण नाम राजस तामस सात्विकताको सन्निपातं नाम एकत्रहोनो अर्थात् तीनों गुणके मिलेतें जो शरीरादि तामें अहंकार बुद्धि तेहकरि अपने स्वरूपको तथा भगवत् स्वरूपको विस्मरणहोनो सोई अज्ञान तेह सबको अपहरण नाम नाशकरनेवाले कायमनो वाकतें शरणको प्राप्त जो तुलसीदास ताको नरकादि त्रासरूप जो समुद्र ताके नाशकरिवेको अगस्त्यरूप ॥ ५३ ॥

मू०। देवविश्वविख्यातविश्वेशविश्वायतन विश्वमरयादव्यालादिगा-
मी। ब्रह्मवरदेशवागीशव्यापकविमल विपुलबलवान निर्वान
स्वामी। प्रकृतिमहतत्त्वशब्दादिगुणदेवताव्योममरुदग्निअम-
लांबुउर्वी। बुद्धिमनइन्द्रियप्राणचित्तात्मकालपरमाणुचिच्छ
क्तिगुर्वी। सर्वमेवात्रतद्रूप भूपालमणि व्यक्तमव्यक्तगतभेद
विष्णो। भुवनभवदंगकामारिवंदितपदद्वंद्वमंदाकिनीजनक
जिष्णो। आदिमध्यांतभगवंतत्वं सर्वगतमीशपश्यन्तिजेब्रह्म-
वादी। यथापटतंतुघटमृत्तिकासर्पस्रगदारुकरिकनककट

कांगदादी । गूढ़गंभीरगर्वघ्नगूढ़ार्थचितगुप्तगोतीतगुरज्ञान
ज्ञाता । गेयज्ञानप्रियप्रचुरगरिमागारघोरसंसारपर पार
दाता । सत्यसंकल्प अतिकल्प कल्पांतकृत कल्पनातीत
अहितल्पवासी । वनजलोचन वनजनाभ वनदाभ वपुवनचर
ध्वजकोटिलावण्यरासी । सुकरदुःकरदुराराध्यदुर्व्यसनहर
दुर्गद्वंद्वदुर्गार्त्तिहर्त्ता । वेदगर्भार्भकादभ्रगुणगर्वअर्वाकपर
गर्वनिर्वापकर्त्ता । भक्तअनुकूलभवशूल निर्मूलकरतूलअघ
नामपावकसमानं । तरलतृष्णातमीतरणिधरणीधरणशरण
भयहरणकरुणानिधानं । बहुलवृन्दारकावृन्दपदद्वन्द
मन्दारमालोरधारी । पाहिमामीशसंतापसंकुलसदादास
तुलसीप्रणतरावणारी ॥ ५४ ॥

टी० । संपूर्ण विश्वके आयतन नाम गृहतथा विश्व के मर्य्यादा अर्थात् जेह परमेश्वरको कियो ब्रह्मादिक तथा वर्णाश्रम अपने २ मर्य्यादके ऊपरस्थितहैं व्यालादनाम गरुड़तेह के ऊपर चढ़िकरि चलनेवाले बरके दाताजो शिवादि ताहूकेईश तथावाग जो सर-स्वती ताकेईशनिर्वाण नामजो मोक्षताके स्वामीप्रकृतिजो प्रधान माया महत्तत्वनाम चित्तहै स्वरूपजाको शब्दादि जो शब्दस्पर्शरूप रसगंध गुण जो राजस तामस सात्विक देवतादशों इन्द्रीकेनेत्रके सूर्य कर्णकेदिशा जिह्वाके वरुणघ्राणके अश्विनीकुमार स्पर्शकेवायु यह पांचज्ञानइन्द्रीके देवताभये तथा वाक्के अग्नि हाथ के इन्द्र पांवके विष्णुलिंग और उपस्थकेप्रजापति ब्रह्मागुदके निऋतिएह पंचकर्म इन्द्रीकेदेवता तथा व्योमनाम आकाश मरुतजोवायुतथा अग्नि निर्मलअंबु नामजल उर्वी जो पृथ्वी बुद्धिमन इन्द्रिन्हके नाम पूर्वकहि आये प्राणनामप्राण अपानसमान उदान व्यानयह पंच मुख्यहैं तथाचित्त अरु आत्मा नाम अहंकार मन बुद्धिचित्त अहं-कार यही चारों अन्तष्करणहैं मनको देवता चन्द्रमाबुद्धिकेब्रह्मा हिरण्यगर्भ चित्तके भगवान बासुदेव अहंकारके शिवजू काल जो लवनिमेष पक्षमासादि परमानुनाम पृथ्वीकोकारण सूर्यकेकिरण कीरफजो गृहविषैं मोखाके द्वारा आवतहै तामेजो उड़ता रज कण देखिपड़ैहैं तथा चैतन्य शक्ति जो शुबीनाम श्रेष्ठजीव सहित सर्व नामजा सर्वतत्वप्रकृति आदि चित्तशक्ति अंतपर्यन्त एवनाम निश्चयकरिकै अत्रनाम ब्रह्माण्ड विषै त्वद्रूप नाम तुम्हारौ रूप है

अर्थात् आपै अनेक नाम अनेक रूपकों ग्रहण किये हौ हे भुपाल नणिव्यक्तनाम प्रगट अव्यक्त जोनहीं प्रगट सो सब तुमहीं हौ बास्तव गत नाम नष्ट भयो है भेदनाम नाना बुद्धि जेहतें हे विष्णु संपूर्ण भवन तुम्हारो अंगहै सो विराटरूपके वर्णनसो स्पष्टहोतहै जिष्णो नाम जै शील अर्थात् सर्वथा जै कों प्राप्त आदि अन्त मध्य तीनों काल सो हे भगवान तुम सर्वब्रह्मांडमोगतं नामव्याप्तहौ हेईश ऐसो तुम्हारो स्वरूप पश्यन्ति नाम देखेहैं ब्रह्मवादी नामवेदकेवक्ता कैसे व्याप्त देखे हैं सो जनावत हैं जैसे वस्त्रमो सूत व्याप्त है घटमो जैसे मृत्तिका पुष्पकेमाला सो जैसेसर्प ज्ञानकरि जो बनावरीकी हाथीतासो दारुनाम जैसेलकडी कटक जो कड़ा अंगद जो बाजू आदि लेकर भूषनतासो जैसे सोना अर्थात् घटनाम पात्र है आदि अंतमध्यमोकेवलमृत्तिका निश्चय होतहै ऐसेसब दृष्टांतको एकभाव है गूढ़नाम सबमो व्याप्त यहां ब्रह्मादिके बुद्धिकों कठिनहै स्वरूप ज्ञानजाको गंभीरनामजाके हृदयमो समस्तब्रह्मांड सावकाशपूर्वक निवासकियोहै यहां जाके हृदयकों ब्रह्मादिनहीं जानि सकत हैं गर्भघ्ननाम गर्वकेनाशक अर्थात् भक्तजो नारदादिक तिन्हकेगर्वकों नाहीं राखत दुष्ट जो असुरादि ताके गर्वकोंनाशकरैं यासें कहा कहनो गूढ़ जो अर्थ ताके वित नाम ज्ञाता अर्थात् अंतर्यामी रूप होकरि सबके हृदयके जानकार गुप्तनाम निर्गुणरूपकरि चैतन्य सत्तातें समस्त विश्वमो छिपेहुये यह हेतुतें गोतीतनाम इन्द्रिन्ह तें परे तथा श्रेष्ठजो ज्ञानज्ञाता जो ज्ञानके कर्त्ता चैतन्यरूप जीव ज्ञेय जो ज्ञानकरि ज्ञाता जेहकोजानेहै सो सब आपैहौ तथाज्ञान जो बोधसो है प्रियजाको प्रचुरनाम समूह गरिमा नाम श्रेष्ठता ताके आगारनाम गृह भयानक जो संसार तेहके परपार नाम पारकेदाता अर्थात् संसारके नाशकसत्यहै संकल्पजाको अतिकल्प जो महाप्रलय ब्रह्माके समस्त आयुर्बलको समाप्ततथा कल्पांत जो नैमित्तिकप्रलयब्रह्माके दिनवितीतभयेरात्रिके प्रवेशमोब्रह्माके सृष्टि को लयहोतहै तेह दोउप्रलयके कर्त्ता अर्थात् परमेश्वरके आज्ञा वितरेक सृष्टिको उदयलय नहींहोतकल्पना जोनामातर्क तेहतें अतीतनामपरे अहिजो शेषनाग सोई तल्पनाम शय्या तेहकेऊपर निवासकर्त्ता बनज नाम कमल तैसो नैन बनज नाम कमल उदय भयोहै नाभीतें जाके बनदनाम मेघ तैसो आभानामदीप्ति शरीर

विषें बननाम जलचरनाम तामेंचलने वालेजे मगरसोई है ध्वजा जाके अर्थात् कामदेवताके कोटिजो समूह तैसो लावण्यनाम शोभाके राशिभूतहै सुकरनाम सनमुख जीवन्हको सुलभकरिप्राप्त दुःख करनाम बिमुखन्हकों कठिन तथा दुराराध्य नाम दुखों करिके आराधनकरबेयोग्यनहीं दुर्व्यसननाम सुमुखजीवन्हको दुष्ट जो व्यसन विषयभोगको लालसा यहीव्यसन नाम क्षयताके हरण कर्त्ता दुर्गनाम कठिनअर्थात् जाकेतत्वविचारमें शीघ्र प्रवेशनहीं दुर्द्धर्षनाम दुःखोंकरिजाकोधर्षनाअर्थात् तिरस्कारकोजनहींकरि-सकै दुर्गार्तिनाम कठिनजो क्लेशसो आर्तजीवन्हके हरनेवाले वेद गर्भ जो ब्रह्माताके अर्भकनाम बालक जो सनकादिक अदभ्रनाम बहुतगुणको जो गर्व अर्थात् ब्रह्माजोपिता ताकेनिकट सनकादिक जायकरि प्रश्नकरतभये कि गुणचित्तमें तथाचित्तगुणमें लिख्योहै गुणशब्द इहांविषें वाचकहै यहदोऊ बिलग कैसेहोयसो ब्रह्माजू को चित्तसृष्टिके कार्यकरि व्यग्ररह्यौ यहसूक्ष्मप्रश्नको उत्तरशीघ्र न भयो यहहेतुतें सनकादिकको अपने प्रश्नरूपगुणको गर्वभयो ताको अर्वाक नामपहिले वातमें उत्कृष्टजो गर्वताको निर्वापनाम नाश कर्त्ता अर्थात् ब्रह्माजू को प्रश्नको समाधान चित्तमें न आयोतब भगवान को ध्यानकरतभये तेहसमयमें हंसकेरूपकरि प्रगटभये सनकादिक देखिकरिपूछेकिं आपकोहै तबहंसिकरि स्वामीसन-कादिकतें कहतभये कितुमअज्ञहै व्यर्थज्ञानीको अभिमानकियेहै काहेकि चैतन्यदृष्टिकरि देखोतो सबचैतन्य एकरूपहै तथा शरीर दृष्टिकरि सभपंचभौतिक एकरूपहै तबकोआपहै यहप्रश्न केवल अज्ञानरूपहै यहरीतितें सनकादिको गर्वकोंपहिले बचनबोलतेदूर करतभये यहअर्थ है अधिकजो सनकादिकके प्रश्नकोसमाधान के हेतुकरिजो बार्तासो बिस्तारके भयतेंनहीं लिखेअरुशब्दकोअर्थभी एतनेकहबेसो लगिगयो तरलनाम चंचलजो तृष्णासोई तमनाम राचीभई ताकेनाशकरबेकों तरणिनाम सूर्यरूप वकुलनामअत्यन्त वंदारुनाम वंदनकरबे योग्य वृन्दारकानामजो देवतन्हको समूहते-हकरि पदद्वंदजाको मन्दारके जो पुष्पताको मालाहृदयमें धारण किये ऐसे जो आपसो पालनकरो मां नाम हमको हे ईश संसार कोजो तापतेहकरि संकुलनाम व्याकुल सर्व्वदा ऐसाजो तुलसीदास सो आपकोप्रणाम करतहै हे रावण के शत्रु ॥ ५४ ॥

मू०। देवयंतसंतापहरविश्व विश्रामकर रामकामारि अभिरामकारी। शुद्धबोधायतनसच्चिदानन्दघनसज्जनानन्दवर्द्धन खरारी। शीलसमताभवनविषमतामतिशमन रामरमारमण रावणारी। खड्गकरचर्मवरवर्मधर रुचिरकटितूणशरशक्तिसारंगधारी। सत्यसंधाननिर्वाणपदसर्वहितसर्वविज्ञानगुण ज्ञानशाली। सघनतमघोरसंसारभरशर्वरीनामदिवसेशखर किरणमाली। तपनतीक्ष्णतरुणतीव्रतापघ्नतपरूपतनुभूपतम परतस्वामी। मानमदमदनमत्सरमनोरथमथनमोह अंभोधिमन्दरमनस्वी। वेदविख्यातवरदेशवामनविरज विमलवागीशवैकुण्ठस्वामी। कामक्रोधादिमर्दनविवर्द्धन क्षमा शान्त विग्रहविहगराजगामी। परमपावनपापपुंजमुंजाटवीअनलइवनिमिषनिर्मूलकर्ता। भुवनभूषणदूषणारिभुवनेशभूनाथ श्रुतिमाथजयभुवनभर्ता। अमलअविचलअकलसकल संतप्त कलिविकलताभंजनानंदरासी। उरगनायकशयनतरुणपंकजनयनक्षीरसागर अयनसर्ववासी। सिद्धकविकोविदानन्द दायकपदद्वंदमन्दात्ममनुजैर्दुरापं। यत्रसंभूतअतिपूतजलसुर सरीदर्शनादेवअपहरतिपापं। नित्यनिर्मुक्तसंयुक्तगुणनिर्गुणानंतभगवंतन्यामकनियन्ता। विश्वपोषणभरण विश्वकारणकरण शरणतुलसीदासचासहंता॥ ५५॥

टी०। कामारिजो शिवजू ताको अभिरामनाम आनन्दके कर्त्ता शीलनाम चंकोचयुक्त स्वभावै जेहगुणकरि सब बसीभूत होत हैं समता नामसर्व भूतमो परमेश्वर बुद्धिकरनो विषमतानाम नाना मति अर्थात् देहके भेदतें जीवके स्वरूपमो भेद देखनो रमाजो लक्ष्मी तामो रमण कर्त्ता सत्य है संधाननाम संकल्प जाको तथा मोक्ष के दाताशाली नाम पूर्वोक्त गुणादिकरि सोभनशील भयानकजो संसार तेहकोभार जो बोझसो सर्वरीनाम राती सघनहै अज्ञान रूपी अन्धकार जामो ताके दूरकरबेको नामजाको दिवसेशनाम सूर्यरूपखर नामतीक्ष्ण है किर्णसमूह जेहको तपननाम तापरूप तीक्ष्णनाम अत्यन्त चोखा तरुण नाम प्रबलतीव्रनाम अतिशीघ्र है वेगजाको अर्थात् रुकि न सके ऐसो जो संसारको तापताकोघ्ननाम नाशक तपरूपनामतपस्याके मूर्तिशरीर जाको तमजोअविद्यातेह तें परें तपस्वीनामपिताके आज्ञाकरि चौदह वर्षपर्यन्त तपस्वीके

वेषतें तपस्याकरतभये मानादिके मथनकर्ता मोहरूपी समुद्रकों मथन
करबेकों मन्दराचल रूपमनस्वी नामस्वतंत्र यद्वा सर्वदामन प्रसन्न
जाको शान्त जो रससोई विग्रहनाम शरीर जाको अटवी नामवन
श्रुतिमाथनाम वेदके मस्तक अर्थात्मस्तककेकाटे शरीर नहीं रहत
तैसे भगवान बिनवेद्य वेदकृत पदार्थनही ठहरे चार वेदभगवानै
कोगावैहैं यहतें माथकहे सकलनाम ब्रह्मस्वरूप संनामसब्यकतम [?]
रूपजो कलिकालतेहकरि भक्तन्हको जो विकलता ताके भंजनकर्ता
जाको पदद्वन्दमन्दहै आत्मानाम अन्तःकरण जाको ऐसेमनुष्यतेंदुराप
नामदुखोंकरिप्राप्त होबे योग्यनहीं संभवनाम उत्पन्नदर्शनात्नाम
दर्शनमात्रतें एवनाम निश्चयकरिनित्य निर्मुक्तनाम सर्वदा अविद्या
करिछूटे दिव्यगुणकरि संयुक्त निर्गुणनाम प्राकृतगुणतें रहित अनन्त
जाको अन्तनहीं भगवन्त नाम षड्ऐश्वर्य युक्त न्यामक नाम समस्त
विश्वको नियमन करनेवाले अर्थात् अपनेसामर्थ्यतें जीवमात्रको
अपनेआधीनकर्ता यद्वादण्डकेदाता ऐसेजो कालयमनवज्ञाताहू [?]
को नियन्तानाम अन्तर्यामीरूपतें प्रेरक समस्त विश्वके पुष्टकर्त्ता
अरुभरनेवाले तथासमस्त विश्वके कारणनाम उत्पत्तिस्थान कारण
नाम ब्रह्माण्डके उत्पत्तिको जो सामग्री प्रधानतत्त्व अहंकारादि
साऊप्रापेभये होसोई तुलसीदासके त्रास नाशक ॥ ५५ ॥

मू० । देवदनुज सूदनदयासिन्धु दंभापहनदहन्दुर्दोष दुःपाप
कर्त्ता । दुष्टतादमनदमभवनदुःखैाघहर दुर्गदुर्वास नाना
कर्त्ता । भूरिभूषणभानुमन्त भगवन्तभवभंजनाभयदभुवनेश
भारी । भावनातीतभवबंद्यभवभक्तहितभूमिउद्धरणभूधरण
धारी । बरवदनदानवागोशविश्वायतनविरजवैकुण्ठमंदिर-
विहारी । व्यापकव्योमवन्दारुवामनविभोब्रह्मवितब्रह्मचिन्ता-
पहारी । सहजसुन्दरसुमुखसुमनशुभसर्वदाशुद्धसर्वज्ञस्वच्छन्द
चारी । सर्वजितसर्वकृतसर्वज्ञत सर्वहितसत्यसंकल्पकल्पा-
न्तकारी । नित्यनिर्मोहनिर्गुणनिरञ्जननिजानन्दनिर्वाणनि-
र्वाणदाता । निर्भरानंदनिष्कम्पनिःसीमनिर्मुक्तनिरुपाधिनि-
र्ममविधाता । महामङ्गलमूलमोदमहिमायतन मुग्धमधुम-
थनमानदअमानी । मदनमर्दनमदातीतमायारहितमंजुमा
नाथपाथोजपानी । कमललोचनकलाकोशकोदण्डधरकोश-
लाधीशकल्याणराशी । यातुधानप्रचुरमत्तकरिकेशरीभक्तम-

नपुण्यआरण्यवासी। अनघअद्वैत अनवद्य अव्यक्तअजअमित अविकारआनन्दसिन्धो। अचलअनिकेतअविरलअनामयअनारम्भअंभोदनादघ्नबन्धो। दासतुलसीखेदखिन्नआपन्नइह शोकसम्पन्न अतिशयसभीतं। प्रणतपालक रामपरमकरुणाधामपाहिमामुर्विपतिदुर्विनीतं॥ ५६॥

टी०। दक्षके अपहं नाम नाशक दहन नाम जलावने वाले दुर्दोषनाम अत्यन्त जोकौटिल्यादिताकेदम जो बाह्यइन्द्रीनिग्रह ताकेभवननाम आश्रयअर्थात् जेहके कटाक्ष वितरेक इन्द्रिआदि वश्य नहीं होती दुःख को श्रोघ जो समूह ताके नाशक दुर्गनाम कठिन दुर्वासना नाम परस्त्री पर द्रव्यादि विषें अभिलाष ताके नाशक भूरिभूषण नाम समूह भूषणरूप अर्थात् ब्रह्माण्ड के यहां बहुत भूषण परिधान किये भानुमन्त नाम सूर्य सदृश प्रकाशमान अभयद नाम अभयके दाता भुवनके ईश भारीपदतें ब्रह्मादिकके स्वामी भावनातें परे अर्थात् निर्गुणरूपकरि सनकुदरादितें अगम्य भव जो शिवजु तातें वन्दनीय तथा शिवभक्तनके हितकारी वाराह रूप करि पृथ्वी के उद्धार कर्त्ता भूजो पृथ्वी ताके धरण नामधारण किये जोपर्वत ताको धारण करनेवाले अर्थात् गोवर्द्धन धारी धन दाभ नाम मेघ सदृश श्याम आकाशवत व्यापक वंदारुनाम वन्दनयोग्य ब्रह्मवित् नाम ब्रह्मज्ञानी तथा आपै ब्रह्म अर्थात् उपास्य उपासक रूप यद्दा ब्रह्म जो वेद ताके वितनाम ज्ञाता ब्रह्मनिर्गुण रूप सहज सुन्दर अर्थात् भूषणादितें सुन्दरता नहीं सुमुख नाम प्रसन्न मुख जाको सुमन नाम सुन्दरहै मनजाको शुभनाम मङ्गलरूप सर्वदा शुद्धस्वरूप जाकोसब के ज्ञाता स्वच्छन्द नाम स्वतंत्र चलने वाले सर्वजित नाम समस्त ब्रह्माण्डआधीन जाके सर्वभूतनामसबको धारणकिये अर्थात्जाके सत्ता वितरेक कोऊ जड़ चैतन्य नहीं है सर्व कृतनाम ब्रह्मादिकके कर्त्ता नित्यनाम सर्वदाएकरस निर्मोहनाम मोहरहित निरंजननाम माया रहित निजानन्द नाम अपने स्वरूपानन्द तें पूर्ण निर्वाण नाम मोक्ष रूप तथा भक्तन्ह के मोक्ष दाता निर्भरनाम अतिशय आनन्द रूप निष्कम्प नाम अचल निस्सीम नाम जाको सीवांनहीं अर्थात्रूप गुणनाम जोशाअनन्त जाको निर्मुक्तनाम सर्वदामुक्त अर्थात् जीवादि ब्रह्मापर्यन्त साधनकरि मुक्तहोत हैं

परमेश्वर स्वतःसिद्धिसुक्त हैं तथा उपाधि जो माया तेहकरि रहित निर्ममनाम ममतारहित अर्थात् जब सब रूप आपै तब केहपर को ममताकरें विधाता नाम सबके विधान कर्त्ता मुग्धनाम अज्ञ जो मधुनाम असुर ताके मथनकर्त्ता मदातीत नाम मदरहित मंजु नाम सुन्दर रमानाम लक्ष्मी ताकेस्वामी कमल है हाथविषैंकला समस्त विद्या ताके कोशनाम भण्डार भक्तन्हके मन सोई पुण्य बन भयो ताको निवासकर्त्ता सिंहरूप अनिकेतनाम जाको गृह नहीं अर्थात् समस्त ब्रह्माण्ड है गृह जाको तब एकगृह सो ममता कैसें होय अविरलनाम निरन्तर एकरूप अनामयनाम रोगादि रहित अर्थात् मनुष्यादिवत पंचभवतिकं रूप नहीं सर्वकाल सो एकरस अनारम्भनाम कोई आरंभ नहीं अर्थात् बालकेलिवत् सृष्टिसंहार कर्त्ता अंभोदनाद जो मेघनाद ताकेंग्ननाम नाशक जोलक्ष्मणजू ताके बन्धोनाम भाई दासतुलसी संसारके तापको जोखिद तेहतें खिन्न नाम दुर्बल आपन्ननाम प्राप्त इहनाम येहसंसार प्रवाहमा शोक करि सम्पन्ननाम युक्त तेहते अतिशय डरेहैं श्रीराम पालन करो मांनाम हमको हे उर्विपति नाम पृथ्वीपति कैसे हम दुर्विनीतं नाम नम्रताते रहित अर्थात् यमादिके भयकरि यह नम्रताकेवचन सब कहतहैं स्वभावकरि सर्वथा क्रूरकेवल अपनो प्रणतपालता अरु कृपालता जोगुण ताकेओर देखिकरि त्राणकरो यह अर्थ है ५६ ॥

मू०। देवदेहि सतसङ्गनिजअङ्गश्रीरङ्गभवभङ्गकारणशरणशोकहारी
ये तुभवदंघ्रिपल्लवसमाश्रितसदाभक्तिरतविगतसंशय मुरारी।
असुरसुरनागनरयक्षगन्धर्वखगरजनिचरसिद्धये चापि अन्ये।
सन्तसंसर्गत्रयवर्गपरपरमपदप्रायनिःप्राप्यगतित्वयि प्रसन्ने।
वृत्रबलिबाणप्रह्लादमयव्याधगजगृद्धद्विजबन्धु निजधर्म त्यागी।
साधुपदसलिलनिर्धूतकल्मषसकलश्वपचयमनादिकैवल्यभागी
शांतिनिरपेक्षनिर्ममनिरामय अगुणशब्द ब्रह्मकपरब्रह्मज्ञानी।
दक्षसमदृक्स्वदृक्विगतअतिस्वपरमतिपरम रति बिरति तव चक्रपानी। विश्वउपकारहितव्यग्रचितसर्वदा त्यक्त मदमन्य कृतपुण्यरासी। यत्रतिष्ठंतितत्रैवअजसर्वहरिसहित गच्छन्ति क्षीराब्धिवासी। वेदपयसिन्धुसविचारमन्दरमहाअखिल मुनि वृन्दनिर्मथनकर्त्ता। सारसतसङ्गमुद्धृत्यइतिनिश्चितं वदत श्री कृष्णवैदर्भिभर्त्ता। शोकसन्देहभयहर्षतमतर्षगणसाध्यसद्युक्ति

विच्छेदकारी । ययारघुनाथश्रायकनिशाचर चमूनिचय निर्दलनपटवेगभारी । जयकुचापिसमजन्मनिज कर्म वस भ्रमत जगयोनिसङ्कट अनेकम् । तत्वत्वद्भक्तिसज्जन समागम सदा भवतजेरामविश्रामसेकम् । प्रबलभवजनितचव्याधिभेषजभक्ति भक्तभैषज्यमद्वैतदरसी । सन्तभगवन्तअन्तरनिरन्तरनहीं किमपिमतिमलिनकहदासतुलसी ॥ ५७ ॥

टी० । यह पदमें स्वामी तें गोसाईं जाचत हैं देव सतसङ्ग द्योपद सत्य वाचक है सो भगवत् स्वरूप नाम धाम लीला दास यह सब सत्यहै ताकोसङ्ग सो सतसङ्गपरि साधसंगमो सतसङ्ग शब्द मुख्य है सो काहे कि साध सङ्गकरि यह सबकी प्राप्ति होति है सो सत्सङ्ग कैसो है निज अङ्ग नाम आपको रूङ्ग है हे श्रीरङ्ग फेर कैसो रूत्सङ्ग है संसार के नाशको कारण शरणमें प्राप्त जो जीव ताके संसार कृत शोक को हरण करत है जेह के सङ्गके महिमा को कहे सो साधु कैसे हैं तेहिको जनावत हैं जेतुनाम जेभगवतनाम तुम्हारो चरणपल्लव को संनाम सम्यक आश्रय किये तथा सर्वदा आपके भक्तिमो तत्पर विशेषतें नष्टभयोहै सर्वसन्देह जाके हृदय तें अर्थात् निश्चय करि तुम्हरे चरणको अवलम्ब किये हैं हेमुरारि ताको साधु कहिये असुरादि तथा जेचनाम पुनः अन्यं नाम जेतने कहे तेहितें अन्यऊ जो जीव अपिना निश्चय करिके संसर्ग तें त्रिवर्ग जो अर्थ धर्म काम तेहितें परनाम श्रेष्ठ जो परम्पद मोक्ष ताको प्रापनाम प्राप्तभये कैसो परम्पदहै निःप्राप्य गतिनाम अनेक साधनतें प्राप्त होवे योग्य नहीं केवल त्वयि नाम तुम्हारे प्रसन्ने नाम प्रसन्न भयेतें मिलत है अर्थात् प्रसन्न होकरि कृपाकटाक्षतें जेहजीवको देखतहौ तब साधु मिलत हैं तेहिके सङ्गकरि पश्चात् अज्ञानादिको नाशहोयहै तेहितें भक्ति ज्ञानादिको प्राप्तहद्वारा आपमिलतहौ यह क्रमहै केहको ऐसो भयो है तेहिको जनावत हैं वृत्रनाम वृत्रासुर बाणनाम बाणासुर द्विजबन्धुनाम अजामिल जो अपने ब्राह्मणके धर्मको त्यागकियो निजधर्म त्यागी केवल अजामिल कों विशेष है काहे कि ऊपर प्रह्लादादि को गिनाये सो धर्मके चलावने वाले हैं उनको धर्म त्यागी कहनो अयुक्त होत है यह सब साधु के चरणाश्रित करि निर्धूत कल्मषनाम रहित पाप होकरि सकल जो ऊपर कहे तथा स्वपच यवन आदि लेकरि

अनेक मोक्षके भागीभये अर्थात् वृत्र, बाण, प्रह्लाद, बलि, मय, यह,
पाये असुरयोनि गजेन्द्रपशुयोनि गृध्रपक्षी योनिव्याध स्वपच मनुष्यमें
अधमयोनि अजामिल यद्यपि ब्राह्मणयोनिमें उत्पन्न तद्यपि धर्म
भ्रष्टते स्वपचादि में गिनतो भई यमनादि पदतें अनेक मन्द जीव
गनिकादि को ग्रहणभयो याको यह भावहै कि ऐसेऊ मन्दजीव
अधम योनिमें उत्पन्न सो साधु सङ्गकरि कृतार्थभये उत्तम जो वर्णा-
श्रम धर्मवानजीव सत्सङ्गको प्राप्तहोय ताको महिमा कहा कहनो
सोई सो तो औ सुगन्ध सदृशहै अब साधुको लक्षणकहतहैं शांतनाम
सङ्कल्पविकल्प रहित हृदय जाको निरपेक्ष नाम ब्रह्मलोक पर्यन्त
की वासना नहीं निर्मल नाम ममता रहित अर्थात् सत्कार ति-
रस्कार दोऊमें समबुद्धि जाको निरामयनाम संसार को सम्बन्धी
जो काम क्रोधरूप रोगतेहिकरि रहित अगुणनाम तामसादि गुण
करि जो विषमतासों नहींहै जाको शब्दब्रह्म जो वेदताके एक नाम
मुख्यज्ञाता तथा परब्रह्मके स्वरूप को ज्ञानजा को दक्षनाम ज्ञान
भक्तिवैराग्य भगवत्सम्बन्धी कर्मके अनुष्ठान करबेमें समर्थ सम-
दृकनाम सर्वभुतमें परमेश्वर दृष्टि स्वदृकनाम अपने स्वरूपमें दृष्टि
विगत नाम विशेषकरि नष्टभयोहै अतिप्रबल अपनो परायो बुद्धि
जाको परमनाम उतकृष्टरति जो प्रीतितव नामतुम्हारे चरणक
मलमें है चक्रपाणि विरतिनाम परमवैराग्य संसारतें विश्वके उप-
कारके अर्थव्यग्रहै चित्त जाको सर्वदात्याग कियेहैं मदमन्यु नाम
क्रोधको कियो है पुण्यको समूह ऐसे जोसाधु सोवच नाम जहां
तिष्ठंति नाम टिकत हैं तत्रैवनाम तहंई अज जो ब्रह्माजू सर्व जो
शिवजूतेहिसहित क्षीरसमुद्रके वासीजो हरिसो गच्छन्ति नामजात
हैं यहअन्वयहै सत्संगके प्रभावको और केहूने कह्यौहै सो जना-
वतहैं कि सर्वोपरिजो भगवानताको हृदयहैं वेदरूपी जो पैसिंधु
नाम क्षीरसमुद्र तामें विचाररूप मंदराचल सहा नाम विस्तार
उहांसुर असुरमथन कियेहूहां अखिलजो मुनिकेसमूहतेहसहित
श्रीभगवान कृष्णचन्द्र मथनकरत भये क्षीरसमुद्रतें अमृत निकस्यौ
इहां वेदरूप समुद्रते सारनाम अमृततुल्य जो सत्सङ्ग ताको उद्ध-
त्यनाम निकालकरि वैदर्भी जो रुकुमिणी ताके भर्त्ता श्रीकृष्ण-
चन्द्रमें वदतनामकहतभये इतिनिश्चितंनाम एतनेनिश्चितहै अर्थात्
चारों वेदको सिद्धान्त है सत्संग जो जीव साधुके शरण होत है

ताकोशोकनाम जन्ममरण कृतसंदेहनाश यहसाधनतें सोकल्याण होयगो यह निश्चय नहींहोनो भयजोयमादिकरि हर्ष जो विषय भोगके प्राप्तिमोतम अज्ञान अर्थात् अपने स्वरूपको भूलनो तर्ष-नामतृष्णा अर्थात् वस्तुपाये हूं तृप्ति नहीं यह सबकेगण जो समूह ताकों साधुसद्युक्तिनाम समीचीन जो युक्ति अर्थात् शास्त्र सम्मत जो युक्ति तेहकरि बिच्छेद नाशकरतहैं साधुन को वचनको वचन शोकादिके नाशमो कैसे समर्थहै तामोदृष्टान्तदेतहैं जैसे श्रीराम जूको बाणनिशाचरन्हके चमूजो फौजनिचै नाम समूहताके निर्दल-ननाम अति नाशकरबेमों पटुनाम समर्थ भारी बेगजाको है तैसे हे देवयन कुचापिनाम जहांकहूं मेरा जन्म होय अपने कर्मके बस होकरि भ्रमनकरत जगत विषै नाना योनि अनेक संकटरूप तत्र नाम तहांत्वत नाम तुम्हारी भक्ति तथा सत्संग सर्वदा भवतनाम होउमेनाम हमकोहेरामजू संसारप्रवाह मोपड्यो जो जीवताको विश्यामएकंएकहतनोईहै प्रबल जो संसारते उत्पन्न भैव्याधि नाम दैवकृत पीड़ासीं तोष्णादि भूतकृत नाम सर्प व्याघ्रादि कृत तथा देहकृत जोनानारोगादि ताको भेषजनाम औषध तुम्हारी भक्ति है अर्थात जब भक्तिभई तब शरीराभिमान त्याग होतहै तेह हेतु करिदैवकृतजो पीड़ाताको पायकरि व्याकुलता नहीं होति तथा सर्वभूतमो परमेश्वर दृष्टिभक्ति प्रभावतें होतहै तेहहेतुतें भूतमात्र वैरनहीं करते तथा भक्तिके उदयमों संयम नियम होतहै तेहतें शरीर कृतरोगादि नहींहोते यह रीतितें भक्तिमहारानी त्रैताप रूपतो त्रिदोषकी व्याधिताको औषधहोतिहै अब औषध को देने वाला चाहिये सो भक्त जो साधु सोई भैषज्य नाम वैद्य है सो वैद्यनाटिका देखनेमों प्रवीणचहिय यहां अद्वैतदर्शी नामपरमेश्वर बितरेक दूसरोपदार्थ नहीं देखतहैं यही नाड़ीज्ञानको प्रवीणता है पूर्वोक्त लक्षणयुक्त सन्ततेहतें भगवानतें अन्तर नाम भेद निर-न्तर नाम सर्वदा नहीं है किमपि नाम किंचितोमति मलिन जो तुलसी सो कहै इहां मलिनपद नम्रताके अर्थ है ५७ ॥

मू० । देवबेहिअवलंबकरकमलकमला रमणदमन दुखशमनसन्ताप
भारी । अज्ञानराकेशग्रासन विधुंतुदगर्वकामकरिमत्तहरि
दूषणारी । बपुषब्रह्माण्डसुप्रवृत्तिलंकादुर्गरचितमनदनुजमय
रूपधारी । विविधकोश सौध अतिरुचिर मंदिरनिकरसत्वगण

प्रसुखचयकाटककारी । कुनपअभिमान सागरभयंकरघोर
विपुलअवगाहदुस्तरअपारं । नक्ररागादिसंकुलमनोरथस-
कलसंगमङ्कुलवीचीविकारं । मोहदशमौलितद्भ्रातअहं-
कारपाकारिजितकामविश्रामहारी । लोभअतिकायमत्सर
महोदर दुष्टक्रोध पापिष्ट विबुधान्तकारी । द्वेषदुखदुर्मुख
दंभखरअकम्पनकपटदर्पमनुजादमदशूलपाणी । अमितबल
परमदुर्जयनिशाचरनिकरसहितषट्वर्गगोजातुधानी । जीव
भवदंघ्रिसेवक विभीषणबसत मध्यदुष्टाटवीग्रसितचिन्ता
नियमयमसकलसुरलोकलोकेशलंकेशवशनाथअत्यन्तभीता ।
ज्ञानअवधेशगृहगेहिनीभक्ति शुभतत्रअवतारभूभारहर्त्ता ।
भक्त संकष्टभवलोक्यपितुवाक्य कृतगमन कियगहन वैदेहि
भर्त्ता । कैवल्यसाधनअखिलभालुमर्कटविपुलज्ञानसुग्रीवकृत
जलधिसेतू । प्रबलवैराग्यदारुणप्रभंजनतनयविषयबनभवन
मिवधूम्रकेतू । दुष्टदनुजेशनिर्वंशकृतदंसहितविश्वदुखहरण
बोधैकरासी । अनुजनिजजानकी सहितहरिसर्वदा दास
तुलसीहृदय कमलवासी ॥ ५८ ॥

टी० । हेकमलारमण अपने हस्तकमलको अवलम्बदेव कैसो है अवलम्बसमस्तदुःखकोदमननामदूरकरत है भारीजोसन्तापताको शमननामशांतकर्ता कैसेआपहो अज्ञानरूपी राकेश जो चन्द्रमा ताकेग्रास करबेको विधुन्तुदनामराहुरूप तथा शरीरादिको जो गर्व अरु काम जो नानाकामना सो उन्मत्तहाथीभयो ताके नाश करबेको हरिनाम सिंहरूपदूषणादिजो असुरताके शत्रुअवरूपक करिसंसार कृतक्लेश जनावतहैं हेदेवअपुष जोशरीर सोईब्रह्माण्ड भयोअर्थात् जवनेपचीस तत्त्वकरिब्रह्माण्डभयोहैतोहीकरिशरीरऊ हैयहहेतुतेंपिण्ड औ ब्रह्माण्डको एकरचना है ब्रह्माण्डमो लंका नगरीहैयहशरीररूपब्रह्माण्डमो इन्द्रिन्हकीजुनामअत्यन्तजोप्रवृत्ति अर्थात् नानाविषयको ग्रहणसोईलंका दुर्गनामकठिन यद्वा दुर्ग नामकिलातथालंकाकोमयनामदैत्यनेबनायोहै यहप्रवृत्तिरूपलंका मनजो मयदैत्यकोरूपधारण किये तानेरचितनामरचा है अर्थात् प्रथमजब अपनेबुद्धिमो लंकाको रचनालैआयो तबनानाबनाउरी हस्तादिइन्द्रिन्हकरि बनावतभयो तथा मयरूप जो मन सो जब नानासंकल्पबिकल्पउठावतहै तबइन्द्रिन्हकीप्रवृत्तिविषयग्रहण को

होतिहै यह समताहै लंकामें अनेक घरहै इहां विविध प्रकार कोशको जो समूह अन्नमै प्राणमै मनोमै विज्ञानमै आनन्दमै सोई अति रुचिर मन्दिरको समूहभयो अर्थात् मन्दिरमो विषय भोग करि विश्रामहोतहै तथा यहजीवबुद्धिको आश्रयनकरि तौन तौन के कोशमें तैसो तैसो रूप ह्वैकरि विषयको भोक्ता होत है जब लंकाकहेतबफौज जमादारयहू कहनो चहियं सोसत्त्वगुण प्रमुख नाम आदिलैकरिअर्थात् सतोगुण रजोगुण तमोगुण यह तीनो कटककारी नाम फौजके करनेवाले अर्थात् जमादारहैं एक २ गुणकरिअनन्त जोमनोरथ सोईकटक सहश्रभयो यहांयहसमता है कि जमादारके आधीन फौजहोतहै सोनाना मनोरथरूपजो फौज सो सत्त्वादि गुणके आधीन है जब जौने गुणको उदय तब तैसोई मनोरथके समूह होतहै लंकाको खाईरूप समुद्र है यहां कुनप जो शरीर तामें अभिमान सोईभयंकर घोरनाम कठिन विपुलअवगाहनाम अत्यन्तअथाहदुस्तरनाम दुखोंकरि पारहोवे जोगनहीं अपारनाम जाकोपारदेखिनहींपरत अर्थात् समुद्रभयं-करादि विशेषणयुक्तहै तैसेअभिमानरूपी समुद्रओरको भयकरेहै अरु अभिमानके आयेदया गुणनहींरहत तेहतेकठिनहै फेरथाह नहींमिलत यहतेअथाहहै समस्तगृहस्थोकोप्रपंच जोजीव छोड़े है ताहूको अभिमाननहीं छूटतयहते दुस्तरहै बुद्धिकेविचारेतेवार पारनहीं देखपरत यहते अपारहै यहसाहश्य है समुद्रमें जन्तु चहियेसो रागादिनाम नाना विषयमें जो अनुराग तेहकरिके संकुलनाम व्याप्त जो मनोरथ सोई सकल नक्र नाम मगरआदि जन्तुभयेअर्थात् ग्राहादि जंतुजीवन्हको पकड़तहैंतैसे जबविषयमें रागभयो तबजीवको सोरागऊपकड़िलेतहै अर्थात् आधीनकरत है विषयमें जोसंगनाम आशक्तितेहकरिजो नाना सङ्कल्प उठेहैं सोईबीची नाम लहरीको शिकार है अर्थात् वायु के सम्बन्धकरि जलमें लहरि उठतिहै वायुके बन्दभयेलहरिको लयहोत है तैसे मनकरि जबविषयको सङ्गहोतहै तबसंकल्पविकल्प नाना उठतहैं संगके छूटे संकल्पविकल्पको नाशहोतहै इहांमन वायुरूप भयो संकल्पविकल्पलहरि तुल्ययहसमताहै जबलंकाकहे तबरावणादि कहनोचहिये सोमोहजो अपने स्वरूपको बिस्मरणसोई रावणहै अहंकारजोआग्रहबुद्धिसोई तत्भ्रातनामकुंभकर्णहैकामजोकाम